an>

Title: Regarding exempting small traders from registration of excise duty.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय श्री अरुण जेटली से आग्रह करना चाहता हूं। सोना भारत में व्यापार से अधिक भावना से जुड़ा हुआ मुद्दा है। सोने के गहने भारत के शहरों एवं गांवों तक समान रूप से पहने जाते हैं व निर्माण भी किए जाते हैं। वर्तमान में आपने देश में एक शानदार बजट दिया जिससे देश का हर वर्ग प्रसन्न है। मगर सोने से गहने निर्माण करने वाले मध्यम वर्ग के निर्माता, व्यापारी व कारीगर बड़ी संख्या में परेशान हैं। उनकी परेशानी का कारण सरकार द्वारा अभी लगाई गई एक्साइज ड्यूटी है। तनिष्क जैसी बड़ी निर्माता फर्म जो प्रति वर्ष 5 से 10 हजार करोड़ रुपये के गहने बेचती है, बनाती है, उनकी तुलना में हाथ या छोटी मशीनों से गहने निर्माण करने वाले निर्माता और व्यापारियों को जोड़ा गया है। मेरा आपसे आग्रह है कि छोटे निर्माता, छोटे व्यापारियों को एक्साइज ड्यूटी के रजिस्ट्रेशन व हर किस्म की प्रक्रियाओं से मुक्त रखा जाए ताकि देश में इस लोक लुभावन बजट से सुनहरी कड़ी में यह भी एक कड़ी जुड़ जाए। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra, Dr. Manoj Rajoria, Shri Vishnu Dayal Ram and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Sudheer Gupta.